## कार्यपत्र-9

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) कर्ता कारक का परसर्ग चिह्न क्या है? (iii) ने ✓

(ख) 'के द्वारा' परसर्ग चिह्न किस कारक का है? (i) करण ✓

(ग) 'सचिन ने पारूल को घड़ी दी।' – वाक्य में रेखांकित पद में कौन-सा कारक भेद है? (i) संप्रदान ✓

(घ) संप्रदान का अर्थ है– (ii) देना ✓

(ङ) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के आधार का पता चले, उसे कहते हैं–

(iii) अधिकरण कारक ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) संज्ञा या सर्वनाम का वाक्य के अन्य शब्दों से संबंध प्रकट करने वाले शब्द कारक कहलाते हैं, कारक के आठ भेद हैं– कर्ता कारक, कर्म कारक, करण कारक, संप्रदान कारक, अपादान कारक, संबंध कारक, अधिकरण कारक तथा संबोधन कारक।

(ख) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से पृथकता का, दूरी का या तुलना का बोध हो, उसे अपादान कारक कहते हैं। जैसे– गंगा हिमालय से निकलती है।

(ग) करण कारक तथा अपादान कारक दोनों का विभक्ति चिह्न 'से' है। करण कारक में किसी की सहायता से कार्य संपन्न होता है तथा अपादान कारक में किसी से अलग होने का भाव होता है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही या गलत लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | 'में' तथा 'पर' संप्रदान कारक के चिह्न हैं। | गलत |
| (ख) | अपादान कारक में संज्ञा या सर्वनाम से पृथकता का बोध होता है। | सही |
| (ग) | 'का', 'के', 'की' करण कारक के परसर्ग चिह्न हैं। | गलत |
| (घ) | किसी को पुकारने, बुलाने, सुनाने या सावधान करने के लिए संबोधन कारक का प्रयोग होता है। | सही |
| (ङ) | करण कारक किसी को कुछ देने या किसी के लिए कुछ करने की क्रिया का बोध कराता है। | गलत |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में कारक चिह्नों को रेखांकित कीजिए।**

(क) वह छत से गिर गया।

(ख) पारस के द्वारा पाठ पढ़ा गया।

(ग) अरे! सोहन तुम कब आए?

(घ) इस पुस्तक को यहाँ रखो।

(ङ) माँ ने बच्चों के लिए खाना बनाया।

**5. निम्नलिखित कारक भेदों का एक-एक उदाहरण लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कर्म कारक | माँ ने बच्चों को बुलाया। |
| (ख) | संप्रदान कारक | पिता जी भाई के लिए साइकिल लाए। |
| (ग) | अपादान कारक | वह घोड़े से गिर गया। |
| (घ) | अधिकरण कारक | बंदर पेड़ पर बैठा है। |